**Construction Of One No. Panchayat Sarkar Bhawan At Each Panchayat (Changel Panchayat, Khanguradih Panchayat And Nagawara Panchayat) At Katra Block In Muzaffarpur District For The Year - 2025-26 (Electrification Included), Tender ID-127044 कार्य से संबंधित दिनांक–08.04.2026 को प्राप्त निविदा के तकनीकी बीड निष्पादन हेतु तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की दिनांक–27.05.2026 को आहूत बैठक की कार्यवाही:–**

उपस्थिति:–

| | | | |
|---|---|---|---|
| (i) | ई0 रामाज्ञा कुमार,<br>मुख्य अभियंता(उत्तर),<br>भवन निर्माण विभाग, पटना। | – | अध्यक्ष |
| (ii) | श्री रविकान्त<br>अधीक्षण अभियंता,<br>भवन अंचल, मुजफ्फरपुर। | – | सदस्य |
| (iii) | श्री रवि चन्द,<br>कार्यपालक अभियंता,<br>भवन प्रमंडल मुजफ्फरपुर। | – | सदस्य |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | योजना का नाम | – | Construction Of One No. Panchayat Sarkar Bhawan At Each Panchayat (Changel Panchayat, Khanguradih Panchayat And Nagawara Panchayat) At Katra Block In Muzaffarpur District For The Year - 2025-26 (Electrification Included), Tender ID-127044 |
| 2. | योजना की प्रशासनिक स्वीकृति की राशि | – | ₹7.50 करोड़ (03 अदद के लिए 2.50 करोड़ की दर से) (पंचायती राज्य विभाग का ज्ञापांक-1291 दिनांक- 08.02.2024) |
| 3. | तकनीकी स्वीकृति की कुल राशि (विद्युतीकरण कार्य सहित) | – | ₹7,05,29,376/- |
| 4. | योजना अन्तर्गत विषयांकित कार्य हेतु परिमाण विपत्र की राशि | – | ₹7,43,76,555/- |
| 5. | निविदा आमंत्रण की तिथि | – | 05.03.2026 |
| 6. | निविदा प्राप्त (डाउनलोड) की अंतिम तिथि | – | 08.04.2026 |
| 7. | निविदा जमा (अपलोड) की अंतिम तिथि | – | 07.04.2026 |
| 8. | प्री–बीड की बैठक की तिथि एवं समय | – | दिनांक–24.03.2026 को 3:00 बजे मुख्य अभियंता (उत्तर) के कार्यालय कक्ष में एवं दिनांक–20.03.2026 को 3:00 बजे अधीक्षण अभियंता, भवन अंचल, मुजफ्फरपुर के कार्यालय कक्ष में। |
| 9. | कार्य समाप्ति की अवधि | – | 12(बारह) माह |
| 10. | निविदा प्रसारण का माध्यम | – | ई–निविदा एवं दैनिक समाचार पत्र |
| 11. | निविदा आमंत्रण सूचना प्रकाशन की तिथि एवं प्रकाशित समाचार पत्र का नाम | – | हिन्दुस्तान, दिनांक–11.03.2026 |
| 12. | प्रकाशन का पी0आर0 संख्या | – | 025687(भवन)2025–26 |
| 13. | निविदा में भाग लेनेवाले निविदाकार का नाम एवं पता | – | (i) Maa Mangla Construction, Vill Rehua Post Civil Aerodrum District Gaya Bihar (Reg no-1230070, BCD Class-1) |

14. तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की समीक्षाः-

प्रथम बार आमंत्रित निविदाः- विषयांकित कार्य हेतु प्रथम बार आमंत्रित निविदा में कोई भी निविदाकार भाग नही लिए जाने के कारण वित्त विभाग के अधिसूचना सं0-7806 दिनांक-30.09.2016 के आलोक में इस निविदा को रद्द कर पुनर्निविदा करने का निर्णय लिया गया था।

द्वितीय बार आमंत्रित निविदाः- विषयांकित कार्य हेतु द्वितीय बार आमंत्रित निविदा में एकमात्र निविदाकार के असफल होने के कारण इस निविदा को रद्द कर पुनर्निविदा करने का निर्णय लिया गया था।

तृतीय बार आमंत्रित निविदाः- विषयांकित कार्य हेतु तृतीय बार आमंत्रित निविदा में कोई भी निविदाकार द्वारा भाग नही लिये जाने के कारण इस निविदा को रद्द कर पुनर्निविदा करने का निर्णय लिया गया था।

चतुर्थ बार आमंत्रित निविदा (वर्त्तमान में):- विषयांकित कार्य हेतु चतुर्थ बार प्राप्त निविदा में उपरोक्त एकमात्र निविदाकार द्वारा भाग लिया गया। उक्त निविदाकार का तकनीकी बीड अधीक्षण अभियंता, भवन अंचल, मुजफ्फरपुर का ज्ञापांक-550 अनु0 दिनांक-10.04.2026 द्वारा मूल्यांकण हेतु भेजा गया है। तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति द्वारा उक्त निविदाकार तकनीकी बीड के अभिलेख का मूल्यांकन इस शर्त के साथ किये जाने का निर्णय लिया गया कि निविदाकारों द्वारा समर्पित किये गये समान प्रकृति कार्य का अनुभव प्रमाण पत्र की जाँच हेतु भेजे गये अभिलेख में यदि अनुभव प्रमाण पत्र फर्जी/जाली पाये जाने संबंधित जाँच प्रतिवेदन प्राप्त होती है तो उक्त निविदाकार के विरूद्ध बिहार ठिकेदारी निबंधन नियमावली-2007 के तहत कार्रवाई की जायेगी। तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति ने तकनीकी बीड के अभिलेखों के मूल्यांकनोंपरांत पाया गया कि:-

(i) एकमात्र निविदाकार "Maa Mangla Construction, Vill Rehua Post Civil Aerodrum District Gaya Bihar (Reg no-1230070, BCD Class-1)" हैं। इनके द्वारा अपलोड किये गये कागजातों का तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति द्वारा समीक्षा की गयी। समिति द्वारा जाँचोंपरांत पाया गया कि निविदाकार द्वारा SBD की कंडिका-4.5A(d) के अन्तर्गत विद्युतीकरण लाईसेंस संलग्न नही किया गया है। अतः इन्हें SBD की कंडिका-4.5A(d) में "नॉन-रिस्पॉन्सिव" पाया गया एवं तकनीकी बीड में "असफल" घोषित करने की अनुशंसा की जाती है।

15. तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति का निर्णयः-

तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति द्वारा पाया गया कि यह निविदा चतुर्थ बार आमंत्रित निविदा है, अतएव इस निविदा में किसी भी निविदाकार के सफल नही होने के कारण वर्त्तमान निविदा को रद्द कर पुनर्निविदा करने का निर्णय लिया जाता है।

16. तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की इस कार्यवाही को विभागीय वेबसाईट पर डाली जाय।

| | | |
|---|---|---|
| 27/5/26 | 27/05/2026 | 27.5.26 |
| (रवि चन्द) | (रविकान्त) | (रामाज्ञा कुमार) |
| कार्यपालक अभियंता, | अधीक्षण अभियंता, | मुख्य अभियंता(उ0) |
| भवन प्रमंडल, मुजफ्फरपुर। | भवन अंचल, मुजफ्फरपुर। | भ0नि0वि0, पटना। |

**मुख्य अभियंता (उत्तर) का कार्यालय**
**भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना।**

ज्ञापांक- भ0उ0वि0/यो0(मुज0)-26/2025-2790 पटना, दिनांकः- 27/5/26

प्रतिलिपि-आई0टी0 मैनेजर, भवन निर्माण विभाग, पटना को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

27.5.26

मुख्य अभियंता (उत्तर)।